# राज्यपाल मिश्र ने कोटा में 21567 डिग्रियां बांटी



राज्यपाल कलराज मिश्र ( बीच में ) ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के 12 वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की।

**कोटा, (निसं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए शिक्षा का प्रसार सुदूर क्षेत्रों और सभी वर्गों तक करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन और समाज को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण साधन है, ऐसे में केवल पाठ्यपुस्तकों और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहते हुए विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं कौशल परक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए ताकि वे बेहतर समाज का निर्माण करने में योगदान कर सकें।

■ **'सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग शिक्षा का प्रसार सुदूर क्षेत्रों और सभी वर्गों तक करने में किया जाए'**

राज्यपाल मिश्र बुधवार को कोटा के यूआईटी ऑडिटोरियम में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के 12 वें दीक्षांत समारोह में 21567 डिग्रियों का वितरण किया।

इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे सीखे हुए ज्ञान का उपयोग भावी जीवन के निर्माण तथा समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए करें। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा जितनी गहरी और व्यापक होगी, समाज उतना ही संपन्न होगा। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति में वहां के इंजीनियर्स की भूमिका अग्रणी होती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इंजीनियरिंग की शिक्षा में विद्यार्थिओं को मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने व उनको नवाचार हेतु प्रेरित करने के लिए स्किल डवलपमेंट पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के आलोक में ऐसे कोर्स विकसित किए जाएं जो विद्यार्थी को सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित करें।

## कोटा अंडर 14 क्रिकेट टीम की घोषणा

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाली राजस्थान अंडर-14 राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए कोटा अंडर-14 क्रिकेट टीम की घोषणा की गई।

कोटा जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष अनस पठान ने बताया कि चयन ट्रायल के पश्चात चयनित किए गए खिलाड़ियों को 3 टीमों में विभाजित कर 2 दिन तक चैलेंजर मैचों का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर कोटा अंडर-14 टीम का चयन किया गया।

कोटा टीम निम्न होगी। अजय डाबी (कप्तान), शौर्य सिंह चौहान (उपकप्तान), शिवराज, कुशाल राठौर, आराध्य अग्रवाल, आर्यन निठारवाल, रुशील आचार्य, आयुष कुमार, समीर गोचर, विवेक बागड़ी, गोलू कुशवाह, विनीत माल्या, श्रेयांश सविता, आदर्श गोचर, देव कुमार, प्रवीण शर्मा, एकांश शर्मा, युग पारेता, सारांश सिसोदिया, सावन मीणा टीम कोच रघु राजावत एव टीम मैनेजर ओमेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया।

## 'जनता पर फिर महंगाई का लादा बोझ'

**कोटा, (निसं)।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा होली के त्यौहार के ठीक पहले रसोई गैस के दाम 50रु और व्यवसायिक गैस के 350रु बढ़ाये गए हैं, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने कहा कि जनता महंगे पेट्रोल डीजल से बढ़ती महंगाई व बेरोज़गारी से वैसे ही जूझ रही है और ऐसी कठिन स्थिति में भी केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में फिर से वृद्धि करके जनता पर दोहरा आर्थिक बोझ लादकर कुठाराघात कर रही है। मेहता ने कहा कि खाद्य पदार्थो की कीमते वैसे ही शीर्ष पर है और केंद्र सरकार रसोई गैस के दाम भी शीर्ष पर पहुंचा कर जनता के प्रति कठोरता की हदें पार करना चाहती हैं। मेहता ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है व भाजपा की सरकार देश की भोली भाली जनता की जेब काटकर पूंजीपतियों का खजाना भरने में लगी है।

## समीक्षा बैठक 8 को

**कोटा, (निसं)।** जिला निष्पादन समिति की मासिक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की त्रैमासिक एवं मिड-डे मील की मासिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार 8 मार्च को सांय 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

## सार-समाचार

### 'हाइटेक लाइब्रेरी बनेगी'

**कोटा, (निसं)।** अखिल भारतीय खटीक समाज के संभागीय अध्यक्ष रघुनंदन वर्मा ने अपनी माँ की स्मृति में हाइटेक लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासरूम बनाने की घोषणा की है। उनकी माँ रुकमणी देवी का मंगलवार रात्रि को निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह किया गया। रघुनंदन वर्मा ने खटीक समाज छात्रावास झालावाड़ में पढ़ने वाले जरूरतमंद छात्रों के लिए यह घोषणा की है। रुकमणी देवी के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं मंत्री प्रमोद जैन भाया ने फोन करके शोक संवेदना प्रकट की। उनके तीये की रस्म गुरुवार को 3 बजे रखी गई है।

### जनसुनवाई कार्यक्रम तय

**कोटा, (निसं)।** जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में माह मार्च में पांच ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा ने बताया कि 3 मार्च को पंचायत समिति इटावा की ग्राम पंचायत बोरदा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 10 मार्च को सांगोद की ग्राम पंचायत कमोलर में, 17 मार्च को लाड़पुरा की ग्राम पचांयत किशनपुरा तकिया में, 24 मार्च को सुल्तानपुर की ग्राम पचांयत मोरपा में तथा 31 मार्च को खैराबाद की ग्राम पंचायत रिछड़िया में सांय 5 बजे रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

### होली मिलन समारोह रविवार को

**छबड़ा, (निसं)।** आर्य समाज मदनलाल गुप्त वेद मंदिर में रविवार को वार्शिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 11 कुण्डीय हवन, वैदिक मंत्रो का पाठ, भजन प्रस्तुति, योग प्रदर्षन आदि का आयोजन भी रखा गया हैं। कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार गुप्त ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य होगे।

## भाजपा कार्यसमिति सम्पन्न हुई

**कोटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर छावनी मण्डल की कार्यसमिति गुरूवार को सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने बताया की कोटा शहर की जिला कार्यसमिति सम्पन्न होने के पश्चात् मण्डलों में मण्डल कार्यसमिति हो रही है। इसी क्रम में छावनी मण्डल में भाजपा की मण्डल कार्यसमिति सम्पन्न हुई।

मण्डल कार्यसमिति में जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने अपने संबोधन केन्द्र सरकार की आमजनहित में लाये गयी योजनाओं, उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया। सोनी ने कहां कि राजस्थान कांग्रेस सरकार के कुशासन में भ्रष्टाचार, दलितों पर अत्याचार, बलात्कार की घटनायें, अपराधिक गतिविधियां बढ़ीं हैं। अपराधी बैखोफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे है। कांग्रेस कुशासन में आमजन, महिलायें, व्यापारी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। सोनी ने कहां कि मण्डलों में बूथ स्तर की सभी संरचनायें, पन्ना प्रमुख का कार्य शीघ्र सम्पूर्ण करना है। नवमतदाता अभियान के बारे में भी विस्तार से बताया। जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा ने अपने संबोधन में डाटा प्रबंधन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। डाटा प्रबंधन कार्यक्रम मण्डल स्तर पर करना है। सरल एप डाउनलोड करना है। कार्यक्रम में राजनैतिक प्रस्तावना जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल ने तथा अनुमोदन सुरेन्द्र दावर, पप्पेन्द्र गहलोत ने किया। मंच संचालन जयप्रकाश तुषिया धन्यवाद महिप सिंह सोलंकी ने दिया। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, पूर्व उपमहापौर सुनिता व्यास, जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौडा, महिप सिंह सोलंकी, लाडपुरा विस्तारक हेमंत शर्मा, मण्डल संयोजक भुपेन्द्र भाया, लोकेन्द्र सिंह, पुष्पचंद महावर, हेमंत गोलारिया, गायत्री शर्मा, पार्षद शानू कश्यप सहित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## डॉ. यादव ने फलौदी माता के दर्शन किए

**कोटा, (निसं)।** प्रदेश के अनुसूचित जाति वित्त विकास आयोग के चेयरमैन डॉ.शंकर यादव ने बुधवार को खैराबाद कस्बे में श्री फलौदी माता मंदिर में दर्शन कर जनता के हर वर्ग में खुशहाली के लिये प्रार्थना की। वे क्षेत्र के पहले ऐसे जनप्रतिनिधी हैं, जिन्हें प्रदेश सरकार द्वारा राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज समिति की ओर से मंदिर व्यवस्था संयोजक मोहनलाल चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बालमुकुंद गुप्ता थानेदार एवं नितिन गुप्ता ने राज्य मंत्री डॉ. यादव का शॉल एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें श्री फलौदी माता की तस्वीर भी भेंट की गई। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र यादव भी रहे। दर्शन के पश्चात् डॉ. यादव ने नागरिकों से स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। नागरिकों ने बताया कि रामगंजमंडी में लंबे समय से परिवहन विभाग का कार्यालय भवन बनकर तैयार है। इसके बावजूद परिवहन भवन आज भी किराए के मकान में चल रहा है।

## छह सौ किलो डोडा पोस्त बरामद

**छीपाबडोद ।** पुलिस ने अवेध मादक प्रदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे उच्चतम अधिकारियों के निर्देश पर अभियान के तहत एक डोडा पोस्त से भरी पिकअप वाहन को 600 किलों के लगभग डोडा पोस्त से भरी कट्टियों समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता हांसिल की हे।

थानेदार चंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि गत रात्रि एक बजे के करीब हरनावदा रोड पर तेज गति से आती हुई पिक अप को रोकने का प्रयास जाप्ते द्वारा किया गया तो वह साईड से कट कर पिक अप भगा ले गया लेकिन पुलिस जवानों ने तुरंत करीबन आधा किमी तक पीछा किया ओर कुछ दूरी पर पुलिया से पहले पिक अप पलट गई।जिसे जप्त कर थाना लाया गया। पिक अप मे दो आरोपी रिजवान ओर पृथ्वीराज को गिरफ्तार कर मामला एनडीपीएस की धाराओ मे दर्ज कर जांच छबडा सीआई राजेश मीणा को सौंपी हे।कार्यवाही में सीआई यादव समेत एएसआई नंदसिह, एचसी लालचंद, कानिस्टेबल नादानसिह, किशोर,कंवरपाल, राहुल ओर महत्वपूर्ण भूमिका पिकअप का पीछा करने मे चालक रामबीर की रही ।

मोटरसाईकिल बरामद : छीपाबड़ौद थाना हाजा पर फरियादी रामदयाल पुत्र काना मीणा उम्र 42 साल निवासी करनीजागीर थाना छीपाबडौद ने दिनांक 10/11/2018 को उपस्थित थाना होकर मोटरसाईकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी,जिस पर प्रकरण सं. 232/2018 धारा 379 भादस0 में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। दौराने अनुसंधान पुलिस अधीक्षक बाराँ राजकुमार चौधरी के निर्देशानूसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेद्र जैन के निकटतम सुपरविजन मे पुलिस उपअधीक्षक पूजा नागर द्वारा जारी दिशानिर्देशों की पालना मे मन चंद्रप्रकाश यादव पु0नि0 थानाधिकारी थाना छीपाबड़ौद द्वारा टीम का गठन किया जाकर प्रकरण हाजा में अज्ञात मुलजिम व मालमशरुका की तलाश की गई।

## महिला मण्डल ने मनाया फागोत्सव

**कोटा, (निसं)।** महावीर नगर विस्तार योजना के पंचमुखी शिव वाटिका पार्क में महिला मंडल ने फागोत्सव मनाया। जिसके तहत महादेवजी का विशेष शृंगार व अभिषेक करने के बाद फूलों की बरसात कर फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम आयोजक कीर्ति विजयवर्गीय ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद शालिनी गौतम का सभी महिला मंडल ने माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान महिलाओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर महादेवजी, पार्वती माता, गणेशजी सहित विभिन्न देवी देवताओं के भजन कीर्तन पर धार्मिक नृत्य किया व भगवान की भक्ति में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। महादेवजी की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण करते हुए फागोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संलेन्ता मीणा, डॉ सीमा, गुडडी,भारती जैन, संतोष,लक्ष्मी देवी, नीतू पांडे आदि महिलायें मौजूद रही।

## सेवानिवृत्त शिक्षक का नेत्रदान लिया

**कोटा, (निसं)।** वृंदावन कॉलोनी इकलेरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल यादव के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके बड़े सुपुत्र सुरेंद्र यादव ने पिताजी के नेत्रदान करवाने की बात परिवार के सभी सदस्यों के बीच में रखी समाज में इस तरह का कार्य पहले कभी नहीं हुआ था, इसलिए जैसे ही बाबूलाल के नेत्रदान करवाने की बात सामने आयी, परिवार की महिलाओं में थोड़ा सा विरोध उत्पन्न हुआ।

सुरेंद्र छोटे भाई नवल और मेल नर्स अजय ने परिवार के सभी सदस्य को नेत्रदान की उपयोगिता और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी, सभी को बताया गया कि, नेत्रदान की प्रक्रिया में किसी तरह का रक्त नहीं आता है और ना चेहरे पर कोई विकृति आती है, सिर्फ 10 मिनट में यह प्रक्रिया पूरी हो जाती हैं। यह जानकारी मिलने के उपरांत समाज और परिवार के सभी लोगों के बीच में नेत्रदान के लिए सहमति बन गई। पड़ौस में रहने वाले सुरेंद्र के करीबी मित्र सत्यनारायण ने नेत्रदान के कार्य के लिए, तुरंत ही शाइन इंडिया फाउंडेशन की इकलेरा शाखा के सदस्यों से संपर्क किया, जिसके उपरांत 140 किलोमीटर दूर कोटा से नैत्रदान लेने के लिये टीम के सदस्य ज्योति-रथ से रवाना हुए। शव यात्रा से ठीक पहले परिवार के सभी सदस्यों के बीच नैत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुयी। नेत्रदान की प्रक्रिया के उपरांत उपस्थित सभी लोगों को आश्चर्य हुआ कि सिर्फ 10 मिनट में पूरी हो जाने वाली इस प्रक्रिया से कॉर्निया की अंधता के व्यक्ति का जीवन पूर्णतया रोशन किया जा सकता है। ईबीएसआर बीबीजी चैप्टर के कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ कुलवंत गौड़ ने बताया कि इकलेरा क्षेत्र में अभी तक 10 पुण्य आत्माओं के नेत्रदान हो चुके हैं। नेत्रदान के इस पुनीत कार्य में ज्योति-मित्र राम कुमार विजय, लोकेश जैन, सत्यनारायण मेवाड़ा और मंगलेश जैन का सहयोग रहा।

## 'कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला'

**बूंदी।** नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि माटुंदा रोड पर चल रहे नाली निर्माण कार्य में पूरी तरीके से घटिया निर्माण सामने आया है। शिकायत मिलने पर नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी पार्षद, मानस जैन, नवीन सिंह आज माटुंडा रोड पर पहुंचे वहां पर संजय पांडे भी मौजूद थे। वहां नाली पर देखा तो मिट्टी से चुनाई की जा रही थी और तीस तगारी मिट्टी पर एक कट्टा सीमेंट डाला जा रहा था।

इस घटिया निर्माण को देखकर तुरंत अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को फोन लगाकर घटिया निर्माण के लिए सूचित किया। अधिशासी अभियंता ने तुरंत सहायक अभियंता दीपक नागर को मौके पर भेजा वहीं पर सहायक अभियंता को घटिया निर्माण दिखाया गया। मिट्टी दिखाई गई और किस तरह नाली निर्माण किया जा रहा है उसका कहीं पर भी पैमाना नहीं है दिखाया गया। सहायक अभियंता से कहा गया तुरंत घटिया निर्माण को बंद कराया जाए और बजरी रेत से ही निर्माण कार्य कराया जाए निर्माण कार्य में लेवलिंग से नाली का निर्माण हो नाली के अंदर बेड हो एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सीमेंट होना चाहिए ।

## पैमाईश करने पहुंची टीम को झेलना पड़ा विरोध

**छबड़ा, (निसं)।** जिला कलैक्टर द्वारा सावित्रीबाई फूले छात्रावास के लिए अमरचंद कॉलेज रोड पर स्थित सीनियर विद्यालय परिसर में आवंटित की एक बीघा भूमि की पैमाईष करने पहुंची टीम को विद्यालय प्रषासन के विरोध का सामना करना पड़ा।

■ **सावित्रीबाई फूले छात्रावास निर्माण का है मामला**

जिला कलैक्टर द्वारा 27 फरवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (छात्र) परिसर में एक बीघा भूमि का आवंटन छात्रावास के लिए कर दिया। परंतु बुधवार को मौके पर एक बीघा भूमि की पैमाईष करने पहुंची राजस्व टीम को विद्यालय के प्रिसिंपल ओमप्रकाष गालव व व्याख्याताओं ने भूमि की पैमाईष नही करने दी और जिला प्रषासन पर षिक्षा विभाग की एनओसी लिए बिना भूमि आवंटन करने का आरोप लगाया। जिला कलैक्टर नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि भूमि के संबंध में विद्यालय प्रषासन से आपत्ति के संबंध में जानकारी ली जाएगी।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा, (निसं)।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के तत्वाधान में राज्यव्यापी आह्वान के तहत मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष राहुल महावर ने बताया कि नर्सिंग निदेशालय की स्थापना, नर्सिंग कैडर का पुनर्गठन, ग्रेड पे, पदोन्नति चिकित्सको की तरह 6,12,18,24 सेवा अंतराल के अनुसार सुनिश्चित करने, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ट्यूटर को राजपत्रित किए जाने, टीएसपी एरिया में नए पद स्वीकृत किए जाने, प्रक्रियाधीन नर्स भर्ती 2022-23 में पदों में वृद्धि करते हुए नर्सिंग ऑफिसर के 8000 पदों व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 4000 किए जाने आदि मांगो को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल मालव, सलमान, सुरेंद्र, पंकज साहू, देवकीनंदन माथोडिया, कपिल, शिव सिंह, दिलीप, अरविंद, बीरमचंद लववंशी, क्रांति सुमन, रघुवीर, बीरम लोधा, वीरभान बंजारा, वैभव, विकास, सेवाराम, हेमंत, दिनेश मीना, ओमप्रकाश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा सम्पन्न




कोटा के त्रिलोकी महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ।

**कोटा, (निसं)।** संतोषी नगर स्थित श्री त्रिलोकी महादेव मंदिर में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद का पंडित गौरव कृष्ण महाराज के मुखारवृंद से कथा में उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया।

आयोजक मंदिर समिति अध्यक्ष राजेंद्र रेनवाल व नरेंद्र रेनवाल ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश सचिव राखी गौतम व विशिष्ट अतिथि पार्षद शालिनी गौतम व समाजसेवी मोहित गौतम रहे। इस मौके पर प्रदेश सचिव राखी गौतम ने कहा की श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है।

पार्षद शालिनी गौतम ने कहा की व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। समाजसेवी मोहित गौतम ने कहा की जिस प्रकार एक छोटा सा बीज एक दिन विशालकाय पेड़ बन जाता है। उसी प्रकार छोटा सा पाप एक दिन अनर्थ कर सकता है। इसलिए, हमेशा संतों का संग करो। संतों के संग से हमेशा जीवन जीने की सही राह मिलती है। कार्यक्रम में दिनेश रेनवाल, प्रकाश रेनवाल , दीपक योगी, उमेश रेनवाल, रोहित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा, (निसं)।** जोधपुर के अधिवक्ता जुगराज चौहान के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने व अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर स्थानीय अभिभाषक परिषद ने बुधवार को रैली निकालकर विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष राजेश भार्गव व सचिव कपिल षर्मा ने बताया कि जोधपुर के अधिवक्ता की हत्या से राजस्थान के संपूर्ण अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हैं। हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। राज्य में अधिवक्ताओं पर पैरवी की रंजिष को लेकर हमले होते रहते हैं। जिसमें कई अधिवक्ता अपनी जान भी गंवा बैठे हैं। अधिवक्ता के हितो की रक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए। इसी क्रम में बुधवार को अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर से भाजपा कार्यालय तक रैली निकाली और विधायक प्रतिनिधि हिम्मतसिंह सिंघवी को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता प्रोटेक्षन एक्ट लागू किए जाने की मांग की।

## राज्यपाल ने की स्वायत्त शासन मंत्री के विजन की सराहना



राज्यपाल कलराज मिश्र ने कोटा में चम्बल नदी पर बने रिवर फ्रंट सहित अन्य जगहों का अवलोकन किया।

**कोटा, (निसं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि चम्बल नदी पर बना रिवर फ्रंट स्थापत्य की दृष्टि से अतुलनीय है, प्रत्येक घाट का निर्माण भारतीय संस्कृति ओत-प्रोत है। आने वाले समय में देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र बुधवार को कोटा में निर्माणाधीन चम्बल रिवर फ्रंट के अवालोकन के उपरान्त मीडिया से रूबरू हो रहे थे।

■ **'चम्बल रिवर फ्रंट स्थापत्य एवं शिल्प की दृष्टि से अतुलनीय'**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल के विजन की सराहना करते हुए कहा कि कोटा लगातार विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। चौराहों का अद्भुत विकास, ट्रैफिक लाईट फ्री शहर एवं सिटी पार्क व चम्बल रिवर फ्रंट की कल्पना को साकार करने से यह पर्यटक स्थल के रूप में देश-दुनिया में पहचान बनाएगा। यहां घटोत्कच्छ सर्किल भी बनाया है। उन्होंने कहा कि बनारस, गोमती, साबरमती नदी पर बने रिवर फ्रंट अलग प्रकार के हैं, चम्बल नदी का रिवर फ्रंट स्थापत्य एवं शिल्प की दृष्टि से भारतीयता से ओत-प्रोत है। उन्होंने कहा कि यहां का हर घाट अन्तर्मन को छूता है, स्वाभाविक रूप से लोगों को आकर्षित करेगा। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि 30 मार्च तक रिवर फ्रंट के कार्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह स्थान देश-दुनिया में अपने निर्माण शैली के लिए भी जाना जाएगा।

## कोटा से अहमदाबाद के लिए नई ट्रेन कल से

**बून्दी।** होली से पूर्व रेलवे द्वारा बून्दी के यात्रियों को कोटा से अहमदाबाद के सफर के लिए एक नई ट्रेन की सौगात मिली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से कोटा से अहमदाबाद के लिए नई ट्रेन संचालित होगी, जो कोटा से अहमदाबाद के सैटेलाइट स्टेशन असारवा तक चलेगी। लोकसभा अध्यक्ष इस ट्रेन को 3 मार्च को हरीझण्डी दिखा कर रवाना करेंगे, यात्रा के पहले दिन चित्तौड़गढ़ के सांसद सीपी जोशी कोटा से चित्तौड़गढ़ तक का सफर करेंगे। सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को चलने वाली यह ट्रेन संख्या 19821 शाम 6.45 बजे कोटा से रवाना होकर अगले दिन सुबह 6 बजे अहमदाबाद के सैटेलाइट स्टेशन असारवा पहुंचेगी। 580 किलोमीटर के सफर में इस ट्रेन का रास्ते में बूंदी, मांडलगढ़, बस्सी बेरीसाल, पारसोली, चंदेरिया, फतेहनगर, कपासन, मावली, राणा प्रताप नगर, जावर, उदयपुर सिटी, लुसाड़िया, डूंगरपुर, जयसमंद रोड, हिम्मतनगर, दाहेगम, नंदोल, रायगढ़ रोड और सरदारठाम सहित 20 स्टेशनों ठहराव होगा। जबकि वापसी में यही ट्रेन नंबर 19822 बुधवार और शनिवार को असारवा से रात 8:40 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 9 बजे कोटा पहुंचेगी।

## शक्ति महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**कोटा, (निसं)।** महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव राखी गौतम द्वारा विगत वर्षों की भांति महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 5 मार्च रविवार को मेडिकल कॉलेज ग्राउंड रंगबाड़ी रोड कोटा में आयोजित करवाए जा रहे शक्ति महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं।

घर-घर जाकर महिलाओं को आमंत्रण पत्र बांट कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है। महिलाओं के साथ मीटिंग भी आयोजित की जा रही है और उन्हें जिम्मेदारियां दी जा रही है। पीसीसी सचिव राखी गौतम एवं समाजसेवी विद्याशंकर गौतम ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है तथा वह स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के घर-घर जाकर महिलाओं एवं स्थानीय लोगों से मिलकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ों अभियान को गति प्रदान करने के साथ साथ महिलाओं को शक्ति महोत्सव के आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रही हैं।

गौतम ने बताया कि श्रीनाथपुरम, आरके पुरम, महावीर, दादाबाड़ी, बसन्त बिहार सहित कोटा दक्षिण के अन्य क्षेत्रों में भी सतत जनसम्पर्क कर हाथ से हाथ जोड़ों अभियान के साथ महिलाओं को आमंत्रण पत्र वितरण किया जा रहा है।

अब तक करीबन 36 हजार कार्ड बांटे जा चुके है। मल्टीस्टोरीज में भी कार्ड वितरित किये गए। इस दौरान गौतम द्वारा महिलाओं के साथ मीटिंग कर उनके साथ कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की जा रही है और उन्हें जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है। इसी श्रृंखला में विद्याशंकर गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में फाग महोत्सव मनाया जाएगा। साथ ही इंडियन आइडल फेम सिंगर वैशाली रायकवार भी अपनी प्रस्तुति देंगी। साथ ही इस आयोजन में विभिन्न कार्यक्रम भी किए जाएंगे जिसमें नृत्य-नाटिका होगी। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा और महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं और उन्हें दूर करने को लेकर चर्चा होगी। महिला सशक्तिकरण के उदाहरणों को महिलाओं के सामने पेश किया जाएगा।

### कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-642 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-17.2.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना के भूखंड संख्या 305 का आवंटन श्री देवेन्द्र नागर पुत्र श्री रुपनारायण नागर को आवंटन पत्र क्रमांक 116 दिनांक 10.03.2021 को किया गया था। आवंटी श्री देवेन्द्र नागर पुत्र श्री रुपनारायण नागर द्वारा उक्त भूखंड का मुख्तारआम श्री राजाराम पुत्र श्री भंवरलाल को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। उक्त भूखंड का मुख्तारआम श्री राजाराम पुत्र श्री भंवरलाल द्वारा उक्त भूखंड संख्या 305 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2022 से श्रीमती जया मीना पत्नी श्री विनित मीना को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्रीमती जया मीना पत्नी श्री विनित मीना के द्वारा नाम नामहस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 305 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना का हस्तान्तरण श्रीमती जया मीना पत्नी श्री विनित मीना के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

### कार्यालय नगर परिषद, बून्दी

क्रमांक:- 665 **लोक सूचना** दिनांक: 28.02.2023

विवाह पंजीयन अधिनियम 2009 के अन्तर्गत निम्नांकित आवेदक ने विवाह पंजीयन करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है:-

(1) वर का नाम - तरुण शर्मा पुत्र श्री बृजेन्द्र शर्मा
जाति ब्राह्मण, नि. पोद्दारों की हताई, बटुक भैरुपाडा, बून्दी

(2) वधु का नाम - तनु पुत्री श्री जसवन्त सिंह नाईक
जाति नाईक नि. 185 मछली फार्म, खंडवा रोड, रालामण्डल, इन्दौर

उक्त दोनों पक्षकारों का विवाह पंजीयन अधिनियम 2009 के तहत अनुष्ठापित किया जाना है। इस संबंध में सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त विवाह का पंजीयन किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस लोक सूचना के प्रकाशन की तिथि दिनांक 01.03.2023 से 30 दिवस तक की अवधि में स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित रुप से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद विवाह पंजीयन कर दिया जावेगा।

यह लोक सूचना आज 28.02.2023 दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी किया गया।

आयुक्त, नगर परिषद बून्दी

